# डार्निंग फुट





इस ट्यूटोरियल में आप उषा जेनोम डार्निंग फुट का उपयोग करना सीखेंगे। इस फुट के दो उद्देश्य है - आप इसका उपयोग रफ़ू करने के साथ-साथ फ्री मोशन







डार्निंग फुट उचित सिलाई रचना को सुनिश्चित करता है और आप जब कपडे को सुई के निचे जब मुक्त रूप से घुमाते है तब आपकी उंगलियों की रक्षा करते हुए टांके छूट जाने की सम्भावना को कम करता है।

इस लेसन के लिए आपको जरूरत होगी: उषा जेनोम डार्निंग फुट, कपड़े का एक चौक टुकड़ा, जिसे फ्री मोशन डार्निंग की प्रैक्टिस करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है और कढ़ाई के डिजाइन बनाने में काम आ सकता है, रफ़ू सिखने के लिए फटे कपड़े का एक टुकड़ा, कपडे का एक पैच जो फटे कपडे का मैचिंग हो और फटे हिस्से को कवर करे, एक एम्ब्रोइडरी हूप, मार्कर, मापन पट्टी, धागे और कैंची की एक जोड़ी।

शुरुआत में डार्निंग फुट का उपयोग करके कपड़े के फटे हुए टुकड़े को रफ़ू कैसे करना है यह सीखते है। नॉर्मल प्रेसर फुट को डार्निंग फुट के साथ बदल ले। इस अगले स्टेप को ध्यान से देखें... देखे मैं यह कैसे करती हूँ - आपको डार्निंग फुट के सफ़ेद हिस्से को इस तरह मशीन पर स्क्रू करके जोड़ना होगा... डार्निंग फुट का लम्बा हाथा नीडल स्क्रू पर रहे ऐसे।

फुट को जोड़ने के बाद, फीड डॉग को नीडल प्लेट से हटा ले। ऐसा करने के लिए मशीन के फ्रंट सेक्शन को खोले और फीड डॉग को इस तरह से बाहर निकालें... और फ्रंट सेक्शन को बंद करे।




फिर अपनी मशीन सेट करें - थ्रेड टेंशन को 3 और 4 के बीच सेट करें, पैटर्न डायल को स्टीच A पर सेट करें, और आप स्टीच लेंथ को अपनी इच्छानुसार सेट कर सकते हैं।







चलो अब कपड़े के फटे हुए टुकड़े को लेते हैं और हमारे पास पड़े मैचिंग कपडे के पैच को छेद के निचे रखते हैं।



कपड़े के इन संरेखित टुकड़ों को डार्निंग फुट के नीचे रखें। सुई को नीचे सेट करें और सिलाई शुरू करें। पहले छेद की लंबाई के आसपास ऊपर और नीचे पंक्तियों में सिलाई करें ताकि कपड़े का छोटा टुकड़ा जुड़ जाए।

सीधी लाइने पूरी हो जाने के बाद उसे अधिक दृढ बनाने के लिए क्षैतिज लाइन पर भी स्टीच कर ले। इसके लिए प्रेसर फुट को उठाएं और कपड़े को 90 डिग्री पर घुमा ले। प्रेशर फुट को निचा करे और छेद तक क्षैतिज रेखाओं पर सिलाई करना शुरू करें।






छेद अच्छी तरह से टांके के साथ कवर हो जाने के बाद, अतिरिक्त धागे को काट ले और बस आपका काम हो गया।


आप अभी-अभी जो सीखे है उसके उत्साह से बाहर निकलने के बाद एक गहरी साँस ले क्योंकि इस फुट का एक और उपयोग है फ्री मोशन एम्ब्रोइडरी जिसे आपको निश्चित रूप से सीखना चाहिए।

प्रैक्टिस कपड़े के केंद्र पर एक 6 सेमी का चौक बनाकर शुरुआत करें। चौक बनाने के बाद कपडे को हूप अप कर ले।





हूप की दो रिंग्स के स्क्रू को ढीला करे। बाहरी रिंग (स्क्रू मैकेनिज्म वाली) को पहले रखें, उस पर फैब्रिक का टुकड़ा बिछाएं, और दो इनर फ्रेम्स के बीच में कपड़े को पकड़ते हुए छोटे इनर रिंग को ऊपर रखें। कपड़े की अपनी जगह पर मजबूती से पकड़ बनाने के लिए स्क्रू को टाइट करे।



अब हम चौक के अंदर डार्निंग फुट की प्रैक्टिस करने के लिए तैयार हैं। हूप को मशीन के नीचे रखें और सुई को चौक के शीर्ष पर रखें। सिलाई शुरू करने से पहले सुनिश्चित करें कि सुई नीचे है। चौक के अंदर एक सीधी रेखा में सिलाई करने का लक्ष्य रखें, लेकिन अगर आप न कर पाए तो चिंता न करें... आप जल्द ही यह सिख जाएंगे। इस फुट की मजेदार बात यह है की जो फ्रेम को स्थानांतरित करने में और साथ ही आपकी इच्छानुसार किसी भी दिशा में स्टीच करने की फ्लेक्सिबिलिटी मिलती है। एक बार जब आप चौक के अंत तक पहुँच जाए तो फ्रेम को बस विपरीत दिशा में ले जाएँ और आपके टांके पीछे की तरफ चलने लगेंगे।

लाइनों को ऊपर और नीचे सीलना जारी रखे, और जैसे ही आप सीधी रेखाओं के साथ सहज होते जाते है, अपनी गति बढ़ाने की कोशिश करें। तेजी से आगे बढ़ने से आपकी स्टीच लेंथ बड़ी होती जाएगी। एकबार इससे परिचित हो जाने के बाद, तो लाइनों को करीब से सिलाई करें... और एक बार जब आप सीधी रेखाओं में निपुणता हासिल कर लेते हैं, तो हूप को घुमाकर, वक्राकार लेना भी आज़माएं। क्या यह दिलचस्प नहीं है... आपके द्वारा सिली गई अस्तव्यस्त लाइनों के बावजूद भी यह एक कलाकृति जैसा दिख सकता है, है कि नहीं?



अब जब आपने सीधी रेखाओं और घुमावदार रेखाओं दोनों का उपयोग करके फ्री मोशन कढ़ाई करना सिख लिया है, तो अब पहले से चित्रित पैटर्न को फॉलो करने की कोशिश करें। आप इस तकनीक का उपयोग किसी भी प्रकार की मुफ्त गति की कढ़ाई के लिए कर सकते हैं। रचनात्मक बने और अपनी खुद की कला कारीगरी को अंजाम दे। डार्निंग फुट की प्रतिभा के मजे उठाए। तो बस शुरू हो जाओ - मुक्तहस्त डिजाइन, एब्स्ट्रेक्ट, या ज्यामितीय डिज़ाइन बनाए और अपने डार्निंग कौशल का परीक्षण करें। मैं आपको गारंटी देती हूँ कि इस एक फुट का इस्तेमाल आप अपने पुराने डेनिम्स या आपकी अलमारी में पड़ी किसी भी बोरिंग चीज़ को नवीनता प्रदान करने के लिए कर सकते है। आप फैब्रिक आर्ट बनाने के लिए टेक्सचर के रूप में भी डार्निंग का उपयोग कर सकते हैं।